अहमद रज़ा ने भारत - पाक के मुस्लिम अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा में अपने जान और अपनी मर्यादा की भी चिन्ता न की। बहुसंख्यकता, अल्पसंख्यकता के अधिकारों के निर्वाह में सौहादपूर्ण नहीं होती इसलिए अधिकारों के संरक्षण के लिए बहुसंख्यकता का जागरण अनिवार्य है। अधिकारों के दमन से असुरक्षा की अनुभूति उत्पन्न होती हैं और जब यह अनुभूति बढ़ जाती है तो पृथक्करण की बाते होने लगती है। पिछली पिढ़ी इस अनुभव से गुज़र चुकी। कुफ्कार व मुश्रिकीन के प्रताणन और अन्याय से भारत - पाक के मुसलमानों में असुरक्षा की भावना पैदा हुई। देश विभाजित हुआ। पाकिस्तान अवास्तित्व में आया फिर पूर्वी पाकिस्तान में इसी प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुई। पाकिस्तान विभाजित हुआ। बांगलादेश अवास्तित्व में आया। बुध्दिमान एवं दृष्टा वह हैं जो इतिहासिक अनुभव एवं उहापोह से सबक हासिल करें। हाँ बात थी भारत के मुसलमानों में असुरक्षा की भावना

अल्पसंख्यकता अपनी चालाकी और संव्युहन से मुस्लीम अल्पसंख्यकता को अपने मायाजाल में ग्रसित करना चाहती थी।

अहमद रज़ा ने यथासमय सावधान किया वही बहुसंख्यकता, अल्पसंख्यकता का मान रख सकती है जिसमें खुदा का भय हो और ईश्वर भयता (खुदातर्सी) धर्म के साथ सच्चा प्रेम और खुदा (ईश्वर) एवं रसूल (ईश्वरदूत) की आज्ञाकारिता से पैदा होती है।

पाकिस्तान में नाम के मुसलमान सही मगर फिर भी उनके पारस्परिक सौहार्द का यह हाल हैं कि ३६ वर्ष से पाकिस्तान में ग़ैर मुस्लिम अल्पसंख्यकता चैन एवं शांति से रह रही हैं जबकि भारत में हज़ारों साम्प्रदायिक दंगे हो चुके और लाखों मुसलमान शहीद हो चुके और आये दिन होते रहते है। भारतीय मुसलमानों के सरों पर हर समय मौत के साये मंडलाते रहते हैं। मगर वह अपनी प्राकृतिक पौरुष के कारण निर्भय जीवन व्यतीत करते हैं। पौरुषता प्रसन्नचित हो।

(४)

अहमद रज़ा धर्म को राष्ट्र (कौम) की बुनियाद समझते थे। उनके विचार में धर्म (दीन) नहीं तो कुछ नहीं।

जुदा होवे सियासत से तो रह जाती है अंग्रेजी। वह धर्म के लिए प्रत्येक वस्तु न्योछावर करने के लिए तैयार थे, परन्तु धर्म को जान से लगाये रखते थे। धर्म - प्रेम सिखना हो तो उनसे सिखिए। धर्म का राज़ समझना हो तो उनसे समझिए। धर्म की समझ पैदा करनी हो तो उनके निकट आइए। वह धर्म से क्षणमात्र भी ग़ाफ़िल न थे। वह जागरुक थे। ऐसे जागरुक जिन्होंने सोए हुए राष्ट्र को जगा दिया। उनको इस्लामी सभ्यता एवं संस्कृति से प्रेम था। वह इस्लामी रंग में रंगे हुए थे और सबको इस्लामी रंग से रंगाना चाहते थे। उन्हें गैर इस्लामी सभ्यता एवं ग्रसित से नफरत थी। यह संकीर्णता नही स्वदर्शन है। जो राष्ट्र (कौमें) तुच्छतानुभूति से ग्रासित है, अपनी प्रत्येक वस्तु से नफरत, गैरों की प्रत्येक वस्तु से प्रेम ----- हाँ ऐसी राष्ट्र सभ्य नहीं सकती है। उन्नति के लिए स्वदर्शन आवश्यक है।

अहमद रज़ा सभ्यता एवं संस्कृति की हर अदा में इस्लाम की निश्बत तलाश करते थे। आज हमारा यह हाल है कि जिस वस्तु को जर्मनी, फ्रान्स, इंग्लैण्ड, जापान आदि से निस्बत हो, वह अच्छी लगती हैं। उसमें हलकी प्रेम है।

उसको प्राप्त करने के लिए दौड़-धुप है। उसको पा लेने की धुन है। काश हमारी आकांक्षाओं का यह झुकाव इस्लाम और मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की तरफ हो जाय तो क्या बात है। हमें हर वह वस्तु अच्छी लगनी चाहिए जिसको इस्लाम और मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम से निस्वत हो। अमहद रज़ा की आकांक्षाओं की दुनिया, मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की पवित्र ज़ात थी। उसको हर वह वस्तु पसन्द थी जो मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को पसन्द थी। उनको हर उस वस्तु से प्रेम था जिससे मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम को मुहब्बत थी, इसी प्रेमने उन्हें अरबी भाषा से प्यार सिखाया। बह अरबी के ऐसे प्रकाण्ड साहित्यकार थे जिनका लोहा अरबवाला भी मानते थे। उन्होंने दो सौ से अधिक पुस्तकें अरबी भाषा में लिखी।

(४-१)

विज्ञान और आधुनिक विज्ञान तथा गणित में अहमद रज़ा को जो अधिकार प्राप्त था मुस्लिम यूनिव्हरसिटी अलीगढ़ के डाक्टर सर ज़ियाउद्दीन मरहूम ने स्वयं अपनी आँखों से देखकर कहा था कि "यह हस्ती नोबल पुरस्कार की अधिकारी है"। अहमद रज़ा की निपुणता का अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि जब १९१९ ई. में सानफ्रान्सिस्को (अमेरिका) के एक ज्योतिषी ने न्युटन के आकर्षण बल के नियम के आधार पर सनयुक्त राष्ट्र अमेरिका की तबाही और विश्व के दूसरे भागों में भूकम्प और तुफानों की भविष्यवाणी की तो अहमद रज़ा ने तुरन्त उसका प्रतिउत्तर दिया और अपने अनवेषण से उसकी भविष्यवाणी को गलत करार दे दिया। यह एक बड़ी चुनौती थी जिसे अहमद रज़ा ने स्वीकार किया। जिस दिन के लिए भविष्यवाणी की गयी थी जब वह दिन आया तो कुछ न हुआ। विश्व के प्रख्यात ज्योतिषी दूरदर्षक लिए आसमान को ताकते रहे कि तबाही उपर से आनी थी अगर वह न आनी थी न आयी। पाश्चात्य देशों पर अहमद रज़ा की यह पहली सफलता थी। अहमद रज़ा ने न्युटन और आइन्स्टाईन के नियमों का खंडन किया है, उस पर आलोचना की है और अपनी विद्वत्तापूर्ण अवेषणा विश्व के समक्ष प्रस्तुत की है।

उनकी पुस्तकें 'मोईनेमोबीन', 'नाज़ुले आयते फुक़ीन', 'फौज़े मोबीन' और अल्कलेमतुलमुरुदहेमा आदि इसी प्रकार की अविषणा पर आधारित हैं। आधुनिक विज्ञान में अहमद रज़ा की कुशलता को देखकर इस्लामिया कॉलेज लाहोर के प्रधानाचार्य और प्रख्यात गणितज्ञ मौलवी हाक़िम अली अहमद रज़ा की तरफ

आकृष्ठ हुए और इतने प्रभावित हुए कि अहमद रज़ा को चौदहवी शताब्दी हिज़री का मुजाहिद (पुनर्निर्माता) करार दिया। वह अहमद रज़ा के यहाँ लाहोर से वरैली आते जाते थे और उनसे शैक्षिक आदान करते और वैज्ञानिक परीक्षण करते। आधुनिक विज्ञान में अहमद रज़ा की अरबी, फारसी और उर्दू में बहुत सी पुस्तकाएँ और हाशिए हैं। कुछ प्रकाशित भी हुए हैं। शेष सभी कलमी हैं जो विद्वानों के लिए अध्ययन योग्य हैं।

अहमद रज़ा विज्ञान को कुरआन के प्रकाश में परविन के पक्षपर थे। उनके अनुसार कुरआन मार्गदर्शक पुस्तक भी है और हिकमत का ग्रंथ भी। जिस समय संदिग्ध और प्रभावित बुध्दियाँ कुरआन में तावीलें (विस्थापन) कर कर के वैज्ञानिक नियमों को सच्चा साबित कर रही थी और कुरआन को विज्ञान के प्रकाश में देख रही थी उस समय सिर्फ और सिर्फ अहमद रज़ा ने यह उद्घोष किया कि कुरआन के प्रकाश में विज्ञान को परखो। यह बात आवेशात्मक नहीं तार्किक है। कुरआनी नियम मौलिक हैं, प्रगतिशील नहीं। विज्ञान के नियम प्रभावी और प्रगतिशील हैं। आज जो प्रमाणित किया जाता है कल उसको वैज्ञानिक स्वयं गलत करार दे देते हैं। जो वस्तु संभावी हो उसको आवश्यव्यापी और मौलिक नहीं कह सकते।

अहमद रज़ा का कहना था कि सलावी विचार मौलिक विचार के प्रकाश में परखो और परीक्षण करो। जिस तरफ अहमद रज़ा ने ध्यान आकृष्ट किया वह स्वयं वैज्ञानिकों के लिए लाभदायक थी। भूत से वर्तमान में लाभ उठाना बुध्दिमानी है। मगर इल्मी हल्को में भेदभाव और संकीर्णता ने वर्तमान को भूत (माजी) से वंचित रखा। कुरआन को परिवर्तित इंजील पर कयास किया और विश्व के बुध्दिजीवी एक बड़ी दौलत से वंचित रहे।

(४ - २)

अहमद रज़ा विज्ञान और गणित में महारत के साथ साथ एक महान कवि (शायर) भी थे। यह बहुत अत्तंत अश्चर्यजनक है। इसी लिए अज़हर विश्वविद्यालय काहेरा के प्रोफेसर मोहिउद्दीन अल्वाई ने जो अब मदीना युनिव्हरसिटी में यह कहा था "प्राचीन कहावत है कि शैक्षिक गवेशणाए और सुकुमार भावनाऐं एकत्र नहीं हो सकती मगर अहमद रज़ा ने इस कहावत को गलत सिद्ध कर के दिखा दिया"। अहमद रज़ा का काव्य "हदाय क़े बाख्शिश" देखिये फिर प्राचीन दर्शन (फलसफा) पर अल्कलेमतुलमुल्हेमा पढ़िए। आधुनिक दर्शन पर "फौज़े मोबीन" का अध्ययन

किजिए। इनकी धर्मशास्त्र (फेकहे हनफी) में धर्मशास्त्र फताबाए -- रिज़विया देखिए हर जगह एक नया हतय नज़र आता है। कहीं वह श्रेष्ठ कवि नज़र आते हैं कहीं दृष्टा दार्शनिक और कहीं अद्वितीय मुफ्ती और धर्माचार्य हर कला विज्ञान में उनका यही हाल है।

उर्दू तो उनकी अपनी भाषा थी, इस भाषा में उनका अश्वलेखनी हर विषय और हर फन में ऐसा दौड़ता है कि, कंचित ही उनके समकालीन उलमा में कोई ऐसा आलिम पेश नहीं किया जा सकता जिसको उर्दू या ऐसा अधिकार प्राप्त हो। अरबी व फारसी की बात तो अलग रही। मौलाना हसरत मोहानी जैसा महान कवि उनकी कविताएँ पढ़ा करता था। और मिर्ज़ा दांग़ जैसा भाषाविद् उनकी कविताओं की प्रशंसा करता उनका "क़सीदए मेराजिया" विद्वानों की दृष्टी में पूरी उर्दू शायरी पर भारी है। पढ़ते जाइए, सर धुनते जाइए। कौसरों तस्नीम की धुली हुई ज़बान में यह क़सीदा लिखा है। उनका एक क़सीदा सिन्ध युनिव्हरसिटी पाकिस्तान के एम्. ए. (उर्दू) के कोर्स में भी शामिल है।

उर्दू तो उनकी अपनी ज़बान थी, उसमें कमाल हासिल करना इतना बड़ा कमाल न था जितना अरबी और फारसी में ऐसा कमाल हासिल करना कि खुद अहले ज़बान (भाषावेत्ता) हैरान रह जाँय। अरबी गद्य और पद्य में अहमद रज़ा की महारत को देखकर अरब के उलमा ने कहा कि उनके सामने अरब का भाषाविद् सहबान बिन वायल भी बेज़बान है। उससे बढ़कर और क्या तारीफ होगी।

भारत - पाक की सरजमीन में आरबी भाषा के ऐसे विद्वान कंचित ही पैदा हुए हैं। किसी ज़बान में बोल लेना और लिख लेना कमाल नहीं। कमाल वह है कि इस तरह बोले और लिखे कि स्वयं भाषाविद् प्रशंसा कर उठें। यह महारत भाषाविदों के साथ मुद्दतों संगत के बाद पैदा होता है। वास्तविकता तो यह है कि यह कमाल इश्के मुस्तफा के तुफेल हासिल हुआ। हदीस में आया है कि जब कोई एखलास (सच्ची भावना से) अमल (अच्छे काम) करता है तो उसके दिल में हिकमत के स्त्रोत फूटने लगते हैं। अहमद रज़ा के विशुद्द कार्य ने उनके दिल को विद्या भण्डार बना दिया। वह नबी के निदेशों के सजीव चमत्कार थे। हदीसें पढ़ते जाईए, अहमद रज़ा को देखते जाइए।

पाकिस्तान के एक मोहक़िक़ भारत - पाक की अरबी नातिया सायरी पर डाक्टरेट कर रहें हैं। उन्होंने अपने मकाले में अहमद रज़ा के कमालाते शायरी को बयान किया है और शायरी का नमुना पेश किया है। अहमद रज़ा का

इन्तेकाल किए ७२ वर्ष गुज़र चुके हैं। उनके जानशीन, उनके प्रौत्र अल्लामा अख्तर रज़ा खाँ अजहरी हैं। बड़े पुत्र की और आलिमे बाअलमन १९८३ ई. में पाकिस्तान तशरिफ लाए। अज़राहे कल गरीब खाने पर ठठ भी तशरीफ लाए। एक अरबी नात की फरमाइश की। कलमबरदाश्ता उसी समय लिख दी। इससे अन्दाजा होता है कि अरबी ज़बान ने अहमद रज़ा के घराने में घर कर रखा है। यह इस घराने की विशेषता है।

(४ - ३)

अरबी और फारसी मुसलमानों की तहज़ीबी ज़बाने हैं। १८५७ ई. में क्रान्ति के पश्चात सरज़मीने पाक व हिन्द में इन ज़बानों का भविष्य खतरे में पड़ चुका था।तसनीफो - तालिफ (लेखन - सम्पादन) का सिलसिला नाममात्र रह गया था। अहमद रज़ा ने सन १८६८ ई. से उन ज़बानों में जिस शिघ्रता लेखन के तहकीक का सिलसिला आरम्भ किया वह आश्चर्यजनक है। अफसोस उनकी अरबी व फारसी रचनाएँ अब तक प्रकाशित न हो सकी। एक - दो किताबें तुर्की से और चन्द किताबे भारत व पाक से प्रकाशित हुई हैं। लेकिन अभी एक बहुत बड़ा भण्ड़ार अप्रकाशित है। धर्मशास्त्र (फिक़्ह) की प्रसिध्द पुस्तक शामी पर उनके विस्तृत हवाशी "जदुलमुम्तार" हैदराबाद दकन में छप कर " अल्मजमउल इस्लामी " से प्रकाशित हो चुके हैं। यह ख्वाहिश उलमा और धर्माकार्यो के लिए अध्ययन योग्य हैं। अहमद रज़ा ने अरबी और फारसी में २०० से अधिक किताबें यादगार छोड़ी हैं। उनकी इल्मी प्रयास उनके युग के सारे कलमी संस्थाओं के प्रयासों पर भारी नज़र आती हैं। यह अतिशयोक्ति नहीं जो परखेगा, ताईद करेगा।

अहमद रज़ा ने मंज़रे इस्लाम के नाम से एक मदरसा स्थापित किया जो कई एतेबार से अति उत्तम मदरसा था। पहली बात तो यह कि उसमें ऐसा प्रकाण्ड विद्वान शिक्षा देता था जिसकी मिसाल इस्लामी दुनिया में न थी। दूसरी बात यह कि यहाँ के छात्र जो भारत - पाक के कोने - कोने और विदेशों से आते थे अन्य विद्यालयों के छात्रों से श्रेष्ठ थे। अहमद रज़ा अपनी जेबे खास से उनके लिए खास एहतेमाम करता। कैलीफोर्निया युनिव्हरसिटी (अमेरिका) के एक विदुषी ने लिखा है कि अहमद रज़ा ईद, बकरईद पर छात्रों के लिए नए नए खाने पकवाते। उनके दिल पसन्द और मरग़ूब खाने खिला खिला कर खुश होते। वह अपने छात्रों को यतिमों की तरह नहीं पालते थे बल्कि बेटों की तरह उनका पालन - पोषण करते थे।

उनका मदरसा खाने कमाने का साधन न था। बल्कि इल्मी फज्ल का सरचश्मा था। अहमद रज़ा से न केवल छात्र बल्कि उलमा भी लाभान्वित होते थे। कुछ उलमा रुस, सउदी अरब और भारत-पाक वगैरह से आए। हर मैन शरीफैन के कयाम के जमाने में उल्मा ने उनके सामने इस्तिफ्ता (प्रश्नावली) पेश किया और अहमद रज़ा ने अरबी ज़बान में ऐसा विद्वत्तापूर्ण जवाब दिया जिस को पढ़कर उल्माये हरमैन के उल्मा चकित रह गये।

(५ - १)

अहमद रज़ा एक आर्थिक और वित्तीय प्रोग्राम रखते थे। उनके अनुसार माल व दौलत ही अर्थशास्त्र की परिधि में नही आते बल्कि समय भी एक महान दौलत है और अपनी आर्थिक महत्व रखती है। समय एक अमुल्य मोहलत है जिसने वक्त की कद्र की, वक्त ने उसकी कद्र की। जिसने वक्त को बर्बाद किया, वक्त ने उसको बर्बाद किया। वक्त की कद्र सीखनी हो तो अहमद रज़ा से सिखिए। जिन्होंने जीवन का एक क्षण नही गँवाया। उन्होंने एक-एक क्षण से फ़ायदा उठाया। वह वाणी और आचरण दोनों के धनी थे। उन्होंने ज़बान और कलम की ऊर्जा को नष्ट नहीं किया। लिखने व तसनीफ के कृतियों का यह हाल कि लिखते लिखते सुबह से दोपहर हो जाती, दोपहर से शाम, साम से रात और कभी कभी रात से सुबह। जब लिखने पर आते लिखते चले जाते। चार आदमी मुसव्वेदों को साफ करते जाते।

अहमद रज़ा की सोच और लिखने का यह हाल कि नकल करते करते यह चारों आजिज़ होते और छटा पृष्ट तैयार हो जाता। यही कारण है कि अहमद रज़ा ने अपनी कृतियाँ, हाशिए और व्याख्याओं का एक महान भण्डार छोड़ा है। इस विशेषता में उनके समकालीनों में उनका समतुल्य कोई नज़र नही आता। कुछ लोग उनके मुक़ाबिल एक आलिम को करते है, उसकी कृतियों की केवल संख्या बताते है, कृतियों का नाम व निशान बताने से हिचकिचाते है। अफसोस यह विद्वान भी झूठ से नही बचते और मिथ्यावाद को प्राश्रय देते हैं। हाँ तो चर्चा था अहमद रज़ा का। अहमद रज़ा ने अपने कार्यों से बताया कि वक्त कितना बहुमूल्य है। अगर उसको ढ़ंग से खर्च किया जाय तो एक इन्सान एक वर्ग का काम कर सकता है। स्वयं तो बनता ही है, हज़ारों को बना जाता है।

(५ - १ - अ)

राष्ट्रीय अर्थ - व्यवस्था में अहमद रज़ा ने कर्ज़ लेने की आदत को अति निन्दनीय करार दिया। यह आदत व्यक्ति में हो या वर्ग और शासन में। कर्ज़ की आदत व्यक्ति तथा वर्ग से आत्मविश्वास, आत्मसम्मान व ग़ैरत की दौलत छीन लेती है। निहित योग्यताएँ मुर्दा होकर रह जाती हैं। कार्यक्षमता नष्ट होने लगती है। सजीव राष्ट्र कर्ज़ लेकर सूद दर में सूद के बन्धनों में नही वंधा करते। वे कर्ज़ दिया करते है, लिया नहीं करते। अहमद रज़ा को मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का यह उपदेश याद था, "उपरवाला हाथ, नीचे वाले हाथ से वेहतर है"। अर्थात देने वाला हाथ, लेने वाले हाथ से बेहतर है। जिन राष्ट्रों ने इस हदीस पर अमल किया उन्होंने आर्थिक सुदृढ़ता प्राप्त की।

दूर क्यों जायें चीन ने संकल्प किया कि वह किसी से कर्ज़ न लेगा। फिर देखिए वह कहाँ से कहाँ जा पहुँचा। कर्ज़ लेने वाले उसकी प्राकाष्ठा को देख देख कर आश्चर्य चकित हैं। मगर आश्चर्य की कोई बात नहीं। बात ओसूल की और ओसूल पर चलने की है। भारत के मुसलमानों की बड़ी संख्या हिन्दुओं की ऋणी थी। सूद दर सूद के बोझ तले दबी जा रही थी। जायदादें और जमीनें नीलाम हो रही थी। सम्पन्न परिवार धीरे धीरे कंगाल होते जा रहे थे। अहमद रज़ा ने इस ऋण के विरुध्द आवाज़ उठायी और उसके कारणों को दूर करने के लिए बहुत ही लाभदायक प्रोग्राम राष्ट्र के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने मुसलमानों को आत्मविश्वास और आत्मदर्शन का पाठ पढ़ाया।

(५ - १ - ब)

अहमद रज़ा इस बात के भी विरोधी थे कि कोई राष्ट्र अपने देश का कच्चा माल दूसरे देशों को कौड़ियों के मोल दे और फिर स्वयं ही तैयार माल चाँदी के मोल खरीदे। एक देश कच्चा लोहा निर्यात करता है। दो - तीन तोले लोहे का क्या मुल्य। लेकिन वही लोहा घड़ी के रुप में आयात किया जाता है तो चाँदी और सोने के मोल खरीदा जाता है। अतः अहमद रज़ा का कहना था कि कच्चे माल की तैयारी के लिए देश में कारखाने लगाए जाय और व्यक्तियों के श्रम से इस कच्चे माल में जिन्दगी पैदा की जाय और पुनः यह सोने चाँदी के मोल निर्यात किया जाय। उनके अनुसार जो देश अपने कच्चे माल की निर्यात करता है वह दूरदर्शी नहीं है।

(५ - १ - ज)

अहमद रज़ा आय - व्यय में सामंजस्य रखते बल्कि आय बढ़ाने और खर्च घटाने के समर्थक थे ताकि व्यक्ति और वर्ग दोनों आर्थिक रुप से शुध्द हो। राजनैतिक शुध्दता आर्थिक शुध्दता पर निर्भर है। इसलिए वर्तमान राजनिति अर्थ व्यवस्था का परिनयण करती हैं। महत्वपूर्ण प्रश्न आप का है और इससे महत्वपूर्ण व्यय का। कमाने में देर लगती है खर्च करने में कुछ देर नहीं लगती। इसलिए खर्च करने के लिए अधिक बुध्दिमानी और सतर्कता की आवश्यकता है। आज हमारे मस्तिश्क में फ़ज़ूल खर्ची ने जगह कर ली है बल्कि अनावश्यक खर्च करने की आदत हो गयी है जो फ़ुज़ूल खर्ची से ज्यादा खतरनाक है। नाम और ख्याति की अबिलाषा, शान व शौकत का प्रदर्शन। हमारी कुंठ विचार धारा है कि सभ्यवतः हमारे भव्य भवन, महल, बहुमूल्य वस्त्र, व्सादिष्ट खाद्यपदार्थ एवं पेय पदार्थ, लम्बी चौड़ी मोटरें और कारें देखकर दूसरे लोग प्रभावित हो सकें।

नहीं नहीं वास्तविक महानता और सच्ची भव्यता का इन चीज़ों से दूर का भी सम्बन्ध नहीं। वास्तविक महानता और सच्ची भव्यता तो मानव के अपने चरित्र एवं व्यक्तित्व से सम्बन्धित है। शुध्द, स्वच्छ और किर्तीमान एवं ओजस्वी हो तो यह घर बैठ कर भी विश्ववासियों के दिलों पर हुकूमत की जा सकती है, बल्कि भूआसीनता से वह प्राक्रम उत्पन्न होता है जो सिंहासन पर बैठने वालों को प्राप्त नहीं। सच कहा है, खुब कहा है --

ज़ाहिर में ग़रीबुल गोरबा फिर भी ये आलम
शाहों से सिवा सुतुबते सुल्ताने मदीना

धर्मशास्त्र (शरीयत) ने अतिव्ययता को सख्ती से मना किया है। यानी ज़रुरत के वक्त धार्मिक नियमों को सिमा से अधिक व्यय करना और बेजा खर्च करना। इस्लाम ने फ़जूल खर्च करने वाले को शैतान का भाई कहा है। इसीसे इस नवनिता (विदआत) की विनाशकारिता का अनुमान लगाया जा सकता है। जिस व्यक्ति और वर्ग ने अतिव्ययता के इस गुर को पा लिया वह कभी मुहताज़ नहीं हो सकती।

अहमद रज़ा ने भारत - पाक के मुसलमानों को विशेष रुप से इन बुरी आदतों की विनाशकारिता से सचेत किया। उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली का एक आदर्श प्रस्तुत किया। उनकी मितव्ययता और सावधानी की यह दशा थी कि बचा हुआ जुठा पानी भी फैंकना गवारा न था और दान एवं परोपकार की यह दशा कि

यह दशा कि जो कुछ होता ग़रीबों की सहायता के लिए खर्च कर दिया जाता, धार्मिक कार्यों में लगा दिया जाता। जीवन पर्यन्त कभी इतना रुपया न बचाया कि ज़कात फ़र्ज़ हो जाती।

(५ - १ - ह)

रुपये पैसे के सम्बन्ध में अहमद रज़ा अत्यान्त सावधान थे। चाहे वह पैसा नज़्र के रुप में आता या चन्दे की सूरत में आता। अहमद रज़ा ने कभी नज़्र न माँगी कि नज़्र स्वयं पेश की जाती है, माँगी नही जाती। जो माँगी जाय या जिसकी इच्छा की जाय वह नज़्र नही, भिक्षा है या मज़दूरी या जुर्माना। कोई स्वतः नज़्र देता, स्वीकार कर लेते कि सरकारे दो आलम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने नज़्र स्वीकार करने का हुक्म फ़रमाया है। अगर जब नज़्र बदले के रुप में दी जाती तुरन्त लौटा देते कि हज़रते अम्बिया और अल्लाह वालों ने धर्म की सेवा के लिए कभी मज़दूरी नहीं ली। और हाँ नज़्र का यह पैसा कभी अपनी ज़ात या परिवार पर व्यय नहीं किया। यह पैसा अन्य धार्मिक कार्यों में लगाया। अल्लाह रे इहतियात।

यही हाल चन्दे का था। दारुल ओलूम मंज़रे इस्लाम के जिस जमाने में वह स्वयं प्रबंधक थे, चन्दा उनके नाम से आता। एक एक के पाई का हिसाब रखा जाता। जब कार्य बाहुल्य के कारण दारुल ओलूम का प्रबंध मुश्किल हो गया तो अपने बेटे मौलाना हामिद रज़ा खाँ साहब को प्रबंधक बना दिया जो एक महान विद्वान और आरिफे कामिल थे। अहमद रज़ा ने यह गवारा न किया कि वह प्रबंधक बने रहे, चन्दा उनके नाम से आता रहे और प्रबंध कोई और करे। जब तक वह खुद पैसे की देखभाल कर सकें चन्दा की जिम्मेदारी उठायी, जब मजबूर एवं व्यस्त हो गये यह जिम्मेदारी अपने सुपुत्र को सौंप दी।

राजनैतिक आन्दोलनों में तो हज़ारों इधर से उधर होते हैं। जाता किसी और के लिए है, खर्च कहीं और किया जाता है। जब खिलाफ़त तहरीक (आन्दोलन) चली और चन्दों की गर्मबाज़ारी हुई तो अहमद रज़ा ने उसी वक्त ताड़ लिया कि खिलाफ़त के नाम यह किया जा रहा है, मनमानी मदों में खर्च किया जा रहा है। उन्होंने उस वक्त पर टोका। मगर खाने वाले किसकी सुनते है? मगर उनके अन्देशे सही साबित हुए। हाल ही में अल्लामा नूर अहमद कादिरी के अविशनात्मक निबंधों (तहक़ीकी मक़ालात) का संग्रह नज़र से गुज़रा जिसमें उन्होंने प्रमाणों से यह साबित किया है कि तहरीके खिलाफत में एकत्र होने वाले हज़ारों - लाखों रुपये

काँग्रेस के काम आए।

अहमद रज़ा सही कहते थे कि खिलाफ़त का पर्दा है, काम कुछ और हो रहा है। मगर ग़ैरों ने निन्दा की। अपनी बदगुमानियों और ग़लतफहमियों में मुबतेला हो गये। अहमद रज़ा की बात समझ में न आती थी। जोशेजुनूँ (दम्म) में लोग आपे से आपे हो रहे थे। राजनैतिक क्षेत्र के जादूगरों ने ऐसा जादू किया कि अच्छे अच्छों की अक्ले जवाब दे गई। मगर एक अहमद रज़ा थे जिन पर किसी का जादू न चला।

(५ - २)

अहमद रज़ा का व्यक्तित्व ऐसा सक्रिय एवं कार्यशील था कि भारत - पाक के कोने कोने में उनको महसूस किया गया और चलने वाले उनके पद - चिन्हों पर चलने लगे। भारत - पाक के लगभग हर सुबे में अहमद रज़ा की प्रतिध्वनी सुनी गई।

पाकिस्तान के सूबा सिन्ध, सूबा पंजाब, सूबा सरध्द वग़ैरह में हमेशा उनके नाम लिवा जा रहे। सिन्धी विद्वानों और बुध्दिजीवियों ने स्वयं अहमद रज़ा की जिन्दगी में और उनके मरने के बाद उनकी ख़िदमात को सराहा और खिराजे अकीदत पेश किया। हरमैन शरीफैन के एक महाजिर सिन्धी आलिम ने अहमद रज़ा को चौदहवी सदी का मुजद्दिद नव निर्माता करार दिाय। सिन्ध के प्रसिध्द अदीब (साहित्यकार) व शायर जनाब शरसार ओली मरहूम ने अहमद रज़ा के निधन पर अपने एक निबन्ध में श्रध्दांजली आर्पित की। प्रोफेसर सैय्यद मुहम्मद आरिफ़ ने अपने एक निबंध में सरजमीने सिंध्द में अहमद रज़ा की लोकप्रियता का निरीक्षण किया है। सिन्ध के एक आलिम मौलाना अहमद अब्दूल करीम दर्स (मदरसा दर्सिया, कराची) से अहमद रज़ा के विशेष सम्बन्ध थे। इसी सम्बन्ध की वजह से अहमद रज़ा कराची तशरीफ़ लाए। पंजाब के जनसामान्य एवं विशिष्ट अहमद रज़ा की जिन्दगी से उनके प्रशंसक बल्कि प्रेमी हैं। डा. मुहम्मद इक़बाल ने एक मजलिस में अहमद रज़ा से मुलाकात की और उनको अपनी कविताएँ भी सुनाई। प्रोफेसर मोलवी हाकिम अली (प्रिन्सीपल इस्लामिया कालेज, लाहोर) तो अहमद रज़ा के सच्चे प्रेमी थे और उनको चौदहवी शताब्दी का नवनिर्माता कहते थे। अहमद रज़ा के खलिफा मौलाना दीदार अली ने लाहोर में एक मदरसा स्थापित किया और मस्जिद वज़ीर खाँ में इमामत व ख़िताबत के कर्तव्य अन्जाम दिए।

मौलाना अहमद बख्श साहब ने अपने अरबी कसिदे (स्तुति) पर अहमद रज़ा से इस्लाह ली। यह विस्तृत स्तुति लेखक के पास सुरक्षित है। मौलाना का सम्बन्ध डेरा ग़ाज़ी खाँ से था। इसी प्रकार और बहुत से उदाहरण हैं जिनपर एक पूर्णरुपेन निबन्ध लिखा जा सकता है।

सरहद वाले भी अहमद रज़ा के फैज़ से महरुम न रहे। खलीफ़ा मौलाना शाह अब्दूल क़ादिर बदायूनी, मौलाना उमरुद्दीन हज़ाखी के अहमद रज़ा से विशेष सम्बन्ध थे। सरहद से छात्र दारुल ओलूम मंज़रे इस्लाम में पढ़ने जाते थे। मौलाना मुहम्मद अमीर शाह गीलानी (उनका साया दराज़ हो) ने अपनी पुस्तक "तज़केरए उल्मा व मशायखे सरहद" में ऐसे उल्मा का ज़िक्र किया है जिसका सम्बन्ध अहमद रज़ा या उनके दारुल ओलूम से रहा है।

पेशावर के मौलाना मोहम्मद ज़कीरया देवबन्दी का विचार था कि अगर अहमद रज़ा न होते तो भारत-पाक से हनफ़ियत (हनफी विचार धारा) समाप्त हो चुकी होती। विशेष्य के पास अहमद रज़ा का प्रख्यात फ़तावा रिज़विया भी था जो उन्होंने मौलाना मुहम्मद अमीर शाह गीलानी को प्रदान किया था। पेशावर के एक बुज़ुर्ग मौलाना ताज मुहम्मद सिद्दीक़ी अलक़ादरी के पुस्तकालय से लेखक को अहमद रज़ा की बहुत सी कृतियाँ मिली जिससे अन्दाजा होता है कि सरहद के लोग अहमद रज़ा की कृतियाँ से परिचित थे।

सुबा सरहद से तो अहमद रज़ा का एक और भी सम्बन्ध था और वह यह कि उनके पुर्वजों का सम्बन्ध क़न्धार के एक खानदान से था, अर्थात अहमद रज़ा के पूर्वज सरहद के पड़ोसी थे, बल्कि उस ज़माने में तो सरहद भी देहली के सूबा काबुल में शामिलित होगा। इसी सम्बन्ध की वजह से काबुल युनिव्हरसिटी के प्रोफेसर अब्दुशसकूर खाँ 'शाद' ने लिखा है कि अहमद रज़ा के जीवन और कृतित्व से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी आरियाना दायरतुल मआरिफ में शामिल कर लेनी चाहिए।

वस्तुतः अहमद रज़ा जिस प्रकार भारत के सूबों में प्रसिध्द एवं लोकप्रिय थे उसी प्रकार पाकिस्तान के सूबों में भी प्रसिध्द एवं लोकप्रिय थे। न सिर्फ भारत-पाक बल्कि इस्लामी विश्व में उनका चर्चा था। जिसका अन्दाजा, "इमाम अहमद रज़ा और आलमे इस्लाम" के अध्ययन से होगा। यह पुस्तक निकट भविष्य में पाकिस्तान से प्रकाशित होने वाली है।

(६ - १)

ज़माना करवटे बदलते रहता है। सन १९२० ई. में एक राजनैतिक इन्क़लाब आया और भारत - पाक के हालात भी कुछ बदले। मुसलमानों में वैचारिक और दृष्टिगत परिवर्तन हुए लेकिन डा. शैख मुहम्मद इकराम के कथानुसार मुस्लिम जनमानस पर अहमद रज़ा का प्रभाव रहा। लेकिन एक वर्ग राजनैतिक एवं दृष्टिगत भिन्नता के आधार पर अहमद रज़ा का विरोधी हो गया और प्रतिशोध के दर पे। चुनांचे मकरुह प्रोपेगंड़े से अहमद रज़ा के विरुध्द चरित्र - बध की जबरदस्त अभियान चलाया जिसका प्रभाव अर्धशताब्दी तक बाकी रहा और अहले इल्म यह समझते रहे कि जो कुछ कहा जा रहा है सम्भवतः यही सही है। इस प्रकार वर्षों अहले इल्म की आँखों से अहमद रज़ा का व्यक्तित्व छुपा रहा।

अहमद रज़ा पर एक आरोप यह लगाया कि उसने मिल्लत को गिरोहों में विभाजित कर दिया। चुनांचे हकीम अब्दुलहई रायबरैलबी के सुपुत्र अली मियाँ नदबी ने "नुज्हतुल ख्वातिर" के अन्तिम भाग में जहाँ अहमद रज़ा को दिल खोल कर प्रशंशा की है वहां यह भी लिखा है कि मिल्लत में मतभेद उसने पैदा किया और मिल्लता कि बुनियाद डाली।

एक आरोप यह भी लगाया गया कि अहमद रज़ा ने किसी नये अक़ीदे और विचार धारा की बुनियाद डाली। लेकिन वास्तविकता यह है कि अहमद रज़ा ने न किसी अक़िदे की बुनियाद डाली और न किसी विचार धारा की।

हाँ प्राचीन अक़ीदों और सच्ची विचार धारा को जीवित अवश्य किया। सन १८५७ ई. की क्रान्ती से कुछ पहले और बाद इन अक़ीदों और विचार धारा को समाप्त करने के प्रयास आरम्भ हो चुके थे। अंग्रेज ने मुसलमानों से हुकूमत छीनी। उसने देखा कि कुरआन की मुहब्बत, हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के प्रति प्रेम और अल्लाह वालों की अकीदत एवं मुहब्बत मुसलमानों की शक्ति का राज़ है। अतः उसी जमाने में कुछ ऐसी तफसीरें लिखी गयी कि ईमान डाँबाडोल होने लगा। हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के व्यक्तित्व और विशिष्टताओं को तर्क - बितर्क का विषय बना कर स्नेह व प्रेम को क्षीण किया गया। अम्बिया और अल्लाह वालों को अल्लाह का अक्षम बन्दा बनाकर मुसलमानों को उससे विमुक्त किया गया और उस पंक्ति में खड़ा कर दिया जहाँ इब्लीस ने आदम के सम्मान में इन्कार किया था · ऐसे ऐसे फतवे (धर्मादेश) लिखे गये कि अतीत एवं वर्तमान के उल्मा काफिर

एवं मुश्रिक करार पाये। हालांकि उन महानुभावो के वही अकीदे (अस्थाए) थे जिन का शताब्दियों से मुसलमान बहुसंख्यकता अनुसरण कर रही थी। नहरें और नदी, नाले, दरिया से निकलते है। दरिया को कोई नदी, नाला नहीं कहता, सितमज़रोफ़ी यह हुई की दरिया को नदी - नाला कहा जाने लगा और नदी को दरया। ग़ौर करेंगे तो मालूम होगा कि इस समय हमारे सामने जो फिरक़े मौजूद है उनमें अधिकांश बल्कि एक, दो के सिवा सब सन १८५७ ई. की क्रान्ति के बाद की पैदावार है। *गुलामी में बदल जाता है क़ौमों का ज़मीर।*

(६ - २)

ईमाम अहमद रज़ा ने किसी जमाअत से हटकर की कोई नया फिर्का नही बताया। उनकी खोज़पूर्ण कृतियाँ देखिए वह वहीं बात कहते है जो कुरआन एवं हदीस से साबित है। सच्ची सच्ची बातें कहते हैं। कांट - छांट नही करते। कुछ दिखाते और कुछ छुपाते नहीं। कुरआन एवं हदीस से तो और भी कहते है मगर अन्तर यह है कि वह अपनी बात को कुरआन एवं हदीस से साबित करने की कोशिश करते है और अहमद रज़ा सिर्फ कुरआन एवं हदीस की बातें करते है। अपनी मन की बातें उसमें नही मिलाते। खूब ग़ौर करें मालूम होगा कि जिस वक्त सवाद आज़म मतभेत का शिकार था, मिल्लत को शर्तों में बांटा जा रहा था, अहमद रज़ा वही मर्दे बुजाहिद थे जिन्होंने मिल्लत को छिन्न - भिन्न और टुकड़ों में बँटने से बचाया और सत्यता को प्रकट किया यह अन्याय है कि जिसने वर्गीकरण के विरुध्द महान संघर्ष किया उसको साम्प्रदायिक एवं साम्प्रदायिकवादी कहा गया।

ईमाम अहमद रज़ा वही अक़ीदें (आस्थायें) एवं विचार धारा प्रस्तुत की जो हर युग और हर काल में प्रस्तुत की गयी। वह आस्थाएँ एवं विचार धाराएँ दासताकालीन यादगार न थी बल्कि स्वतंत्रता कालीन यादगार थी। वह अरब एवं अजम (गैर अरब) में सुप्रसिध्द एवं विख्यात थे। अहमद रज़ा की वेदना स्वाबाविक वेदना थी। क्योंकि हर नया फिर्का (सम्प्रदाय) सवादे आज़म अहले सुन्नत से ही व्यक्तिगत शक्ति प्राप्त कर रहा था। स्वयं उनके यहां क्या था? अहमद रज़ा वही बात कही और वही सन्देश दिया जो सताब्दियों से दिया जाता रहा था, जिसको भुलने वाले भुल गये थे, जिसको भुलने वाले भुला रहे थे। अहमद रज़ा ने भूली बातों को याद दिलाया और बताया हमारे असलाफ (मनीषी)ा किस तरह अमल करते थे। उनकी सोच का अन्दाज़ क्या था। उनके अमल का अन्दाज़ क्या था।

ईमाम अहमद रज़ा ने आफाक़ियत (सार्वभौमिकता) के लिए प्रयत्न किया। यद्यपि उनको सार्वभौमिक संदेश "बरैलवियत" के नाम से जाना पहचाना गया, यह इसलिए कि अहमद रज़ा अहले सुन्नत का निशान बन गये। अहमद रज़ा अहलेसुन्नत का संकेत बन गए। अहमद रज़ा बरैली के रहने वाले थे इसलिए उनके सार्वभौमिक सन्देश को बरैली से सम्बन्धित किया जाने लगा और बरैलवियत की संज्ञा दी जाने लगी। दुनिया में ऐसे लाखों - करोड़ो सुन्नी बसते हैं जो बरैलवियत की शब्दावली एक से परिचित नहीं मगर आस्थाएँ वही रखते हैं जिनका प्रचार एवं प्रसार अहमद रज़ा ने किया। भारत - पाक में लाखों ऐसे मुसलमान रहते हैं जो स्वयं अपने को बरैलकी नहीं कहते लेकिन जब उनकी आस्था एवं विचार धारा का अध्ययन करेंगे तो अहमद रज़ा का समर्थक पायेंगे। तो वास्तव में "बरैलवियत" सार्वभौमिकता (आफाकियत) का दुसरा नाम है।

अहमद रज़ा से पहले भी यह आस्था एवं विचार धारा थी। उस समय भी "बरैलवियत" की शब्दावली किसी के मन मश्तिश्क में न आई होगी। अहमद रज़ा ने किसी नए अकीदे (आस्था) एवं विचार धारा की बुनियाद नहीं रखी, बल्कि सलफे सालेहीन (सिध्द मनीवियों) के मसलक (पेल) और उनकी आस्थाएँ और विचार धाराएँ को जिवदान किया। इसी लिए आपको अरब व अजम के इल्म ने चौदहवी सदी हिज़री का नव निर्माता माना है।

(६ - ३)

सोचने की बात है क्या चौदह सौ वर्ष से दीन (धर्म) को जिस तरह समझा गया वह सही न था ? क्या इतनी अक्ले किसि गलत खयाल पर जम सकती है ? क्या इतने उलपाव इमाम के कदम किसी गलत रास्ते पर चल सकते हैं ? यह बात समझ में नहीं आती। फिर अक़्लें भी रौशन और उज्वल और कदम भी मुबारक व पवित्र। क्या इस शताब्दी के नये नये ख्याल और नयी नयी सोच रखने राले दीन को सही तौर पर समझे, इससे पहले और कोई न समझा ? यह बात समझ से परे वाला तर है। हाँ हक वही हैं जो बराबर एक तरह चला आ रहा है। सच वही है जो सदियों से एकसा चला आ रहा है। अहमद रज़ा ने यही सच पेश किया जिसको छुपाया जा रहा था, जिसको दबाया जा रहा था। समझनेवाले उनको समझे हुए थे, परखने वाले उनको परखे हुए थे। मगर नाम ज़ुबानों पर आते आते रुक जाता था। मकरुह प्रोपगंडे की मोटी तहों में हक़ीक़त गुम हो चुकी थी।मगर दिलों में याद मौजूद थी : दिमागों में बात सुरक्षित थी ; अगर ऐसा न होता

तो गर्द व ग़ुबार साफ होते ही यूँही सब उनके गुन न गाने लगते। कोई अचानक यूँ अच्छा नहीं हो जाता। व्यक्तित्व को जाँचने और परखने के लिए एक ज़माना चाहिए। मगर यहां हालत यह है कि जब मसले का जाल छिन्न - भिन्न हुआ, वास्तविकता सामने आयी। अहले इल्म (विद्वान) युँ बोल उठे मानो दबीस्तान (विद्यालय) खुल गया। एक वह जमाना था जब किसी इल्मी मजलिस में अहमद रज़ा का नाम लेना भी गवारा न था, काम करना तो दूर की बात है, और एक यह जमाना है कि विद्वान, साहित्यकार, कवि, बुध्दिजीवी, डाक्टर, प्रोफेसर, इतिहासकार, अनविषण, कमान्डर, जज और वज़ीर (मंत्री) जो है उनकी प्रशंसा में तल्लीन हैं।

देखते देखते इन महानुभावों की अनुभुती का एक महान भण्ड़ार सामने आया। अब तक उन अनुभुतियों पर आधारित आठ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। एक अरबी में, शेष उर्दू में। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कितने लोगों ने अहमद रज़ा को श्रध्दांजली अर्पित की होगी और अभी बहुतसी अनुभूतियाँ. (तअस्सुरात) प्रकाशन की प्रतिक्षा में है और बहुतसी धीरे धीरे छापने आती जा रही हैं। मालूम होता है कि विरोधियों के परोपगेंड़ों ने विद्वानों की ज़ुबाने बन्द कर रखी थी, मगर दिल मचल रहे थे। अब तड़प तड़प कर जजबात व खयालात बाहर आ रहें हैं। एक सैलाब (जल - प्रवाह) है जो थमाए नहीं थमाता। एक तूफान हैं जो रोके नहीं रुकता। बाँध बाँधनेवालों के हाथ सुन्न हो गये। अक्ले ज़वाब दे गयी। जल प्रवाह है कि उमंदा चला आ रहा है। अहमद रज़ा का व्यक्तित्व ऐसा जाज्वलयमान है कि देश विदेश के अनवेषक (मुहाक्किक) बराबर आकर्षित हो रहे हैं। कुछ विश्वविद्यालयों में काम हो चुका है और कुछ में काम हो रहा है, उदारहणस्वरुप लन्दन युनिव्हरसिटी, लीडस युनिव्हरसिटी, केलीफोर्निया युनिव्हरसिटी, अज़हर युनिव्हरसिटी, जबलपूर युनिव्हरसिटी, मुस्लिम युनिव्हरसिटी, पंजाब युनिव्हरसिटी वगैरह। तहकीकी (विषणात्मक) काम के अतिरिक्त अहमद रज़ा के जीवन और विचार धारा पर अब तक पाँच सौ से अधिक निबन्ध व गवेषणात्मक निबन्ध (तहकीकी मकाला) पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। यह आदाद र शुशार (लेखा) सिन्ध युनिव्हरसिटी की एक रिसर्च इस्कालर ने पुस्तक के रुप में इकट्ठा किए हैं जो निकट भविष्य में लाहोर से प्रकाशित हो जायेंगे। इन्शाअल्लाह तआला (अल्लाह तआला ने चाहा तो) अगर और तहकीक (खोज) की जाय तो निबन्ध व गवेषणात्मक निबन्ध की यह संख्या और बढ़ सकती हैं। वैसे इमाम अहमद रज़ा दिवस के अवसर पर हर साल कम से कम बीस - तीस निबन्ध व गणेषनात्मक निबंध की वृध्दी होती है।

(६ - ४)

जब अहमद रज़ा का देश-विदेश में चर्चा होने लगा, अनेवेषकों एवं बुध्दिजीवियों (दानिश्वरों) की तेरह वर्षीय कोशिश रंग लायी तो यह बात अहमद रज़ा के विरोधियों को न आयी वह फिक्र में पड़ गये, करें तो क्या करें ।(एक विद्वान ने यहाँ तक फरमाया कि अहमद रज़ा को हमतो दफन कर चुके थे फलाँ (उक्त) प्रोफेसर ने कब्र से निकाला है अब दोबारा दफन करने में अर्ध शताब्दी लगेगी ।) इन बातों से फिक्र व बेचैनी का अनुमान लगाया जा सकता है । चार व नाचार (अन्ततोगत्व) वही पुराना हरबा (रणनीति) याद आया और जिस तरह मकरुह (घृणित) परोपेगेंडे से साठ - सत्तर वर्ष पहले किरदार - कुशी (आचरण - हनन) की मुहिम (अभियान) चलायी थी, अब फिर वही मुहिम चलायी और एक दूर की कौड़ी निकाल कर लाये। इन्केशाफ (विवेचना) यह फरमाया कि अहमद रज़ा ने कुरआने करीम को उर्दू तर्जुमें (अनुवाद) में बहुत सी गलतीयाँ की हैं। अरबवासी जिनको उर्दू नहीं आती उनको विश्वास दिलाया गया कि ऐसा ही है। इन्केशाफ करने वाले भले मानुस मुसलमान मालूम होते थे। अरब वासियों को यक़ीन आ गया और कुछ अरब देशों में इस अनुवाद पर पाबन्दी लगा दी गयी। पाबन्दी लगते ही उसका प्रचार शुरु कर दिया और अहमद रज़ा के विरुध्द तरह तरह की मांगे होने लगी।

सोचने और ग़ौर करने की बात है सत्तर वर्ष हुए कि अहमद रज़ा ने यह अनुवाद पूर्ण किया और फिर मुरादाबाद से प्रकाशित हुआ। यह वह समय था जबकि जानीबैने मकातिनबे पक्ष में ऐसे ऐसे उल्मा मौजूद थे कि आजकल के मुखालिफ उल्मा उनका पासंग भी नहीं। उनमें किसी को अनुवाद में ग़लती नज़र नहीं आयी। मुखालिफीन (विरोधियों) को भी नुकता रखने की हिम्मत न हुई। यहां तक कि सत्तर साल का लम्बा ज़माना गुज़र गया। फिर पाकिस्तान में गये तीस वर्षों से लाखों की संख्या में यह अनुवाद छप कर प्रकाशित हो रहा है। आज तक किसी आलिम ने ग़लतियों को निशानदेही न की। लेकिन यह शोर व गोगां (कोलाहल) क्यों है? इस कोलाहल से एक लाभ तो यह है कि गये तेरह - चौदह वर्षों में अहमद रज़ा का जो नाम रौशन हुआ है उस पर खाक (धुल) पड़ जाएगी। यह तहक़ीक़ बाद में होती रहेगी, ग़लतियाँ हैं या नहीं। फिर यह मस्ला अहले इल्म (विद्वानों) का है, अवाम (जनसामान्य) को इससे कोई सरोकार नहीं। वह कुरआन से अगाद्य प्रेम रखते हैं निश्चय ही उस व्यक्ती से नफरत करने लगेंगे। जिसके सम्बन्ध में यह सुनेंगे कि उसने कुरआन के अनुवाद में ग़लतियाँ की हैं। विरोधियों ने परोपेगेंडे के लिए यह भ्रमस्पर्शी पहलू तलाश किया है और यह काम राजनैतिक सूझ - बूझ रखने वाले का ही हो सकता है।

अगर अहमद रज़ा का व्यक्तित्व पहले की भाँति गोपनीय होता तो सम्भवतः इस रणनीति से ज़्यादा सफलता हो सकती लेकिन जब उनके व्यक्तित्व का हर पहलू सामने आ गया है और लोगों को मालूम हो गया है कि इल्म व कज्ल में वह अद्वितिय रोज़गार थे तो यह राजनितिक वहीं सफल हो सकता है जहाँ अहमद रज़ा का परिचय नहीं। सोचने की बात है जो क़ुरआन का माहिर विभिन्न विद्याओं में निपुण और अरबी ज़बान का ऐसा माहिर हो जिसकी अरबी दानी की खुद अरबवासियों ने सराहना की हो और उर्दू ज़बान में वह कमाल पैदा किया हो कि उर्दू के बड़े बड़े कवि, साहित्यकार उनका गुणगान कहते हों क्या वह क़ुरआने करीम के अनुवाद में ग़लती का दोषी होगा? अगर उन्होंने ग़लती की है तो फिर किसी बी उर्दू अनुवादक के सम्बन्ध में नहीं कहा जा सकता कि वह ग़लतीयों से रहित हैं क्योंकि विदूता और पाण्डित्व में उर्दू के सारे अनुवादक से वह श्रेष्ठ है और निष्ठा व तक़वा में सर्वश्रेष्ठ।

(६ - ५)

इस प्रोपेगेंडे से एक उद्देश तो अहमद रज़ा को बदनाम करना है। दूसरा बड़ा उद्देश्य यह है कि व्यापारिक स्तर पर अहमद रज़ा के अनुवाद की निकाली रोकी जाय। गये कुछ वर्षों में अहमद रज़ा के मानने वाले एशिया, आफ्रिका, अमेरिका और यूरोप के विभिन्न देशों में फैल गये हैं। सब के सब माली तौर पर सुदृढ़ है और उर्दू लिखते - पढ़ते हैं, अहमद रज़ा के अनुवाद को पसन्द करते है और लाखों की संख्या में मंगाते हैं इससे विरोधियों के अनुवादों की निकाली प्रभावित हुई, स्पष्ट है एक व्यापारी यह कैसे पसन्द करेगा की दूसरे की गर्मबाज़ारी, उसकी सर्दबाज़ारी (मन्दे) का कारण हो। इसलिए तरकीब (उक्ति) यह सूझी कि इस्लामी देशों में इस अनुवाद पर पाबन्दी लगवाओ ताकि यह अनुवाद वहाँ न जा सके, फलतः लोग विरोधियों के अनुवाद पढ़ेंगे, इसके अतिरिक्त एक यह भी फायेदा होगा जबकि लोग प्रोपैगंड़े से प्रभावित होकर वह गुमान दोंगे जो न सिर्फ बल्कि अरब बल्कि दूसरे देशों और भारत - पाक में इस अनुवाद की नक्काली प्रभावित होगी, और धीरे धीरे उसको नज़रसे छुड़ा दिया जाएगा। लेकिन सुना यह है कि जब से पाबन्दी लगी है यह अनुवाद लाखों की संख्या में निकल रहा है, जोचा (मानो) -- *है इब्तदा हमारी तेरी इन्तेहा के बाद।*

बहरहाल लेखक के नज़र में विरोध की वजह इल्मी और मज़हबी नही बल्कि सरासर साम्प्रदायिक एवं व्यापारिक है। द्वेष एवं पक्षपात अच्छे अच्छो को मतान्ध कर देना है और उस निम्न सतह पर ले आती है जहाँ स्वयं पक्षपाती एवं

द्वेषी अपने आप को पाकर अपने ज़मीर (अन्तरात्मा) के सामने लज्जित होता है। अल्लाह तआला हम सबको नफ्स (इन्दिय) की शरारत से सुरक्षित रखे। आमीन (एबमस्ल)।

(६ - ६)

हमारे इतिहास का यह दुखःन्त है कि जिन्होंने दीन व मिसलत की निःस्वार्थ सेवा की वह यहां मंजर (बहिर्हष्य) में चले गये और जिन्होंने उनकी तुलना में साधारण सेवाएँ की अतिशयोक्ति से उनकी सेवाओं को राई का पहाड़ बनाकर दिखाया गया। पाठक अन्धे कुंएँ में वास्तविकता को ढूढ़ते ढ़ढ़ते थक गये। पता नहीं चलता। इतिहास - लेखक का यह घोर दुःखान्त है। पिछलों ने कुछ कवियों, कुछ गद्यकारों, कुछ आलिमों, कुछ क्रान्तिकारियों के नम दे दिए। वर्षों से यही चले आ रहे हैं। कोई पूछने वाला नहीं कि इनके अतिरिक्त भी कोई है? पूछना तो दूर निष्क्रियता का यह हाल है कि कोई लाया भी जाये, कोई दिखाया भी जाये तो देखते नहीं, नज़रें फेर लेते हैं, आँखों पर पट्टियाँ बाँध ली, कानों में रुई डूँस ली, कोई दिखाए तो क्या दिखाए और सुनाए तो क्या सुनाए?

सूफिया व उल्मा - ए - हक का विशाल वर्ग जिसने साहित्य, राजनिति और विद्या एवं बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया, उनका ज़िक्र तक नहीं। इतिहास एवं साहित्यिक पुस्तको में या तो उनका ज़िक्र ही नहीं और है तो सरसरी (संक्षिप्त)। इस वास्तविकता को पाकिस्तान के प्रख्यात इतिहासकार डा. इशतेयाक हुसेन कुरैशी ने महसूस किया और एक उल्मी मज़लिस (विद्यात्मक गाष्टी) में स्पष्ट रुप से व्यक्त किया और फरमाया अब मैं इस नतीज़े पर पहुँचा हूँ कि इतिहास में अब तक जो कुछ लिखा गया वह सब एकपक्षीय है। सम्भवतः उनका संकेत भारत व पाक इतिहास की तरफ था। अगर यह बयान सही है और कोई कारण नहीं जो उसकी सत्यता से इन्कार किया जाए तो हमको सम्पूर्ण इतिहास पर नज़र ड़ालनी होगी, विशेषकर भारत - पाक इतिहास और जो महत्वपूर्ण तत्व इतिहासकारों एवं अनवेषकों ने छोड़ दिया है या उनसे छूटा है उसको इतिहास में शामिल करना होगा।

इतिहासकार की दृष्टि सम्पूर्ण दिशाओं में होनी चाहिए। वह सालिल पर पड़े हुए धोंधों से सरोकार नहीं रखता, दरिया की अथाह गहराई में गोता लगाकर अमूल्य मोती निकालता है। मगर कुछ इतिहासकारों ने घोंगों को मोती समझ कर इतिहास को सजाया। वास्तविकता से मुँह मोड़ा। अब वास्तविकता एवं प्रमाण एवेय निकले चले आते हैं। इतिहासकार एवं अंतवेशक हैरान हैं, शर्मिन्दा हैं कि हमने क्या

किया। इतिहास को क्या से क्या बना दिया। जब सूर्य उदय होने लगा अन्धकार हटने लगी, प्रकाश फैलने लगी तो अन्धकार प्रेमी परेशान होने लगे। सम्पूर्ण विश्व जगमगा रहा है। हर ज़बान पर 'नूरुन अला नूर' (प्रकाश पर प्रकाश) है। मगर वह जिन्होंने अन्धकार से दोस्ती की ठानी हैं इन्कार पर इन्कार किए जाते है और आरोप पर आरोप लगाए जाते हैं। नये नये आरोप नये नये तुहमत, जो न उठाए जाये न रखे जाये। अल्लाह आज्ञानता के बाज़ार में इल्म व हदिस निलाम हो रहे हैं। बोलीयों पर बोलियां लग रही हैं। *इन्ना लिल्लाहे व इन्ना एलैहे राजेअन* (निसन्देह हम अल्लाह के है और उसी की तरफ हमें पलटना है)।

(६ - ७)

मगर मानने वाले मान रहे हैं, स्विकार करने वाले स्विकार कर रहे हैं। निसन्देह अहमद रज़ा हूज़ूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम का महान मोजज़ा (चमत्कार) थे। उल्माए हरमैन ने सच कहा *"जब उनकी याद आती है, मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम की याद आती है"*। निसन्देह अहमद रज़ा फनफिर्रिसूल (रसूल के प्रेम मे विलीन) थे। सबने जाना है। सबने स्विकार किया हैं। विरोधियों ने भी, समर्थकों ने भी। तो फिर बताओ आशिके रसूल गलत रास्ते पर कैसे चल सकता है ? उसके मानने वाले उसके रास्ते पर चलने वाले गलत कार्य नहीं हो सकते। गुमराह नहीं हो सकते।

(६ - ८)

भारत - पाक के मुसलमान गरीबों, मिस्कीनों की अकसरियत उनकी मानने वाली है और हमारे देश में गरीब ही अकसरियत (बहुसंख्यंकता) में हैं। हूज़ूर सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फरमाया था, "मैंने जन्नत का मुआईना किया तो जन्नत वालों में सब से ज्यादा गरीबों और निर्धनों को ही पाया"। तो इस्लाम को गरीबोंमें तलाश किजिए, मिस्कीनों में तलाश किजिए। वह गरीब, वह मिस्कीनें जो दीन के नाम पर दिमागों को नही उज़ाड़ते, जो दीन के नाम पर दिलों को वीरान नहीं करते, जो दीन के नाम पर मुसलमानों का रक्तपात नहीं करते, जो दीन के नाम पर हुकूमत का लालच नहीं रखते। जो जान व माल कुर्बान करने में कभी हिचकिचाते नहीं। दर्शक (तमाशायी) बने खड़े नहीं रहते। आतिश - नगरुद (नगरुद - अग्नि) में कूद जाते हैं। ज़माने ने उन्हें आज़माया है। हमने बी देखा है। आपने भी देखा है। अहमद रज़ा ने अपने अकीदतमन्दों और मानने वालों में इस्लाम के लिए बलिदान एवं समर्पण की ऐसी रुह फूंकी कि जब वक्त ने आज़माया था, ज़ान हथेलियों पर रखे चले आए। अहमद रज़ा ने मुस्लीम समाज में एक इन्कलाब बरसा बरदा किया। दिलों को गर्माया, रहों को तड़पा और भविष्य में आनेवाले इस्लामी इन्कलाबियों का मार्ग प्रशस्त किया।

ज़िन्दाबाद ऐ अहमद रज़ा ज़िन्दाबाद !

एदारा अफकारे हक़ की मतबुआत

१)	रुपये कमाने का जायेज़ तरीका	अज़	ईमाम अहमद रज़ा	(उर्दू)
२)	दोनों हाथ से मुसाफहा	"	"	"
३)	शहनशाह कौन ?	"	"	"
४)	मज़ारात पर औरतों की हाज़री	"	"	"
५)	माहे कामील	"	"	"
६)	जिसमे - बे - साया	"	"	"
७)	हुक़ुक़ुल इबाद की अहमीयत	"	"	"
८)	अहकामे तस्वीर	"	"	"
९)	क्रान्सी नोट के मसाइल	"	"	"
१०)	निशाने हक़ व बातिल	"	"	"
११)	इमाम अहमद रज़ा और आलमी जामेआत	"	प्रो. मसऊद अहमद	"
१२)	ग़रीबों के ग़मख़ार	"	"	"
१३)	नेकियाँ करो । गुनाहों से बचो	"	अल्लामा मुस्तफा आज़मी	"
१४)	हयाते जावेदानी	"	अ. हक़ीम शर्फ क़ादरी	"
१५)	दर्से तौहिद	"	शफी अकाड़वी	"
१६)	तर्ज़े जिन्दगी	"	आफताब आलम मिस्बाही	"
१७)	वेहल हदीस	"	गुलाम जाबिर शम्स मिस्बाही	"
१८)	अक़ाईदे ओलमा ये दे व बन्द	"	हुज़ूर हाफ़ीजे मिल्लत	(हिन्दी)
१९)	नमाज़ का तरीक़ा	"	कारी इर्फानुल हक़	"
२०)	ईस्लाहुल अवाम	"	मुफ्ती रिज़वानुर्रहमान	"
२१)	उजाला	"	प्रो. मसऊद अहमद	"
२२)	ईमाम अहमद रज़ा - एक महान विद्वान	"	"	(अंग्रेजी)
२३)	गुनाहें - बेगुनाही	"	"	"
२४)	ईमाम अ. रज़ा - एक हमाजेहत शख़सियत	"	मौलाना कौसर नेयाज़ी	"
२५)	मोजेज़ाते नबी सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम	"	डा. आमीर जिलानी	"

एदारा - ए - अफकारे हक़ -- बायसी बाज़ार, पुर्णियाँ
बिहार (भारत) पिन. नं. ८५४ ३१५.


قَالَ اَلَمْ اَقُلْ لَّكُمْ اِنِّيْٓ
اَعْلَمُ غَيْبَ السَّمٰوٰتِ
وَالْاَرْضِ ۙ وَاَعْلَمُ مَا تُبْدُوْنَ
وَمَا كُنْتُمْ تَكْتُمُوْنَ ﴿٣٣﴾
وَاِذْ قُلْنَا لِلْمَلٰٓئِكَةِ اسْجُدُوْا

अजाइबुल कुर्आन, मकतूबा ख़ुर्शीद आलम,
गौहर रक़म, मतबूआ लाहौर

एदारा अफकारे हक़ की मतबुआत

१)	रुपये कमाने का जायेज़ तरीका	अज़	ईमाम अहमद रज़ा	(उर्दू)
२)	दोनों हाथ से मुसाफहा	"	"	"
३)	शहनशाह कौन ?	"	"	"
४)	मज़ारात पर औरतों की हाज़री	"	"	"
५)	माहे कामील	"	"	"
६)	जिसमे - बे - साया	"	"	"
७)	हुक़ुक़ुल इबाद की अहमीयत	"	"	"
८)	अहकामे तस्वीर	"	"	"
९)	क्रान्सी नोट के मसाइल	"	"	"
१०)	निशाने हक़ व बातिल	"	"	"
११)	इमाम अहमद रज़ा और आलमी जामेआत	"	प्रो. मसऊद अहमद	"
१२)	ग़रीबों के ग़मख़ार	"	"	"
१३)	नेकियाँ करो । गुनाहों से बचो	"	अल्लामा मुस्तफा आज़मी	"
१४)	हयाते जावेदानी	"	अ. हक़ीम शर्फ क़ादरी	"
१५)	दर्से तौहिद	"	शफी अकाड़वी	"
१६)	तर्ज़े जिन्दगी	"	आफताब आलम मिस्बाही	"
१७)	वेहल हदीस	"	गुलाम जाबिर शम्स मिस्बाही	"
१८)	अक़ाईदे ओलमा ये दे व बन्द	"	हुज़ूर हाफ़ीजे मिल्लत	(हिन्दी)
१९)	नमाज़ का तरीक़ा	"	कारी इर्फानुल हक़	"
२०)	ईस्लाहुल अवाम	"	मुफ्ती रिज़वानुर्रहमान	"
२१)	उजाला	"	प्रो. मसऊद अहमद	"
२२)	ईमाम अहमद रज़ा - एक महान विद्वान	"	"	(अंग्रेजी)
२३)	गुनाहें - बेगुनाही	"	"	"
२४)	ईमाम अ. रज़ा - एक हमाजेहत शख़सियत	"	मौलाना कौसर नेयाज़ी	"
२५)	मोजेज़ाते नबी सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम	"	डा. आमीर जिलानी	"

एदारा - ए - अफकारे हक़ -- बायसी बाज़ार, पुर्णियाँ
बिहार (भारत) पिन. नं. ८५४ ३१५.